विवरण 2ख

# सं. अ. 2022-23 और ब.अ. 2023-24 के बीच व्यय के बड़े अंतरों का विवरण

वर्ष 2023-24 के लिए व्यय का बजट अनुमान, संशोधित अनुमान 2022-23 की तुलना में ₹ 3,15,865 करोड़ की वृद्धि दर्शाता है। व्यय की बड़ी मदें, जहां अन्तर आये हैं, नीचे दर्शायी गई हैः

*(₹ करोड़)*

| | | सं.अ. 2022-23 | ब.अ. 2023-24 | अन्तर बचत(-)/ अधिक(+) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ब्याज भुगतान और ऋण शोधन | 940651 | 1079971 | (+) 139320 |
| 2 | राज्य सरकारों को अनुदान और ऋण | 629955 | 731783 | (+) 101828 |
| 3 | रेलवे पर पूंजी परिव्यय | 159100 | 240000 | (+) 80900 |
| 4 | पेट्रोलियम पर पूंजी परिव्यय | 40 | 35508 | (+) 35468 |
| 5 | रक्षा सेवाएं | 409500 | 432720 | (+) 23220 |
| 6 | जल आपूर्ति और स्वच्छता | 50617 | 64156 | (+) 13539 |
| 7 | पुलिस (पूंजी सहित)) | 119480 | 126479 | (+) 6999 |
| 8 | ग्रामीण एवं लघु उद्योग | 14708 | 20976 | (+) 6268 |
| 9 | अन्य वैज्ञानिक अनुसंधान | 12846 | 16078 | (+) 3232 |
| 10 | अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यकों का कल्याण | 6107 | 9336 | (+) 3229 |
| 11 | मुख्य सिंचाई | 1100 | 3500 | (+) 2400 |
| 12 | अन्य व्यय | 1843128 | 1742590 | (-) 100538 |
| | **कुल व्यय** | **4187232** | **4503097** | **(+) 315865** |

**निम्नलिखित कारणों से वृद्धि हुई है**

1 बाजार ऋण पर ब्याज के भुगतान, राजकोषीय बिलों पर छूट, राष्ट्रीय लघु बचत कोष और राज्य भविष्य निधियों द्वारा जारी केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों की अधिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए

2 पूंजीगत व्यय के लिए ऋण के रूप में जीएसटी प्रतिपूर्ति कोष और विशेष सहायता के रूप में अंतरण के अधिक प्रावधान को पूरा करने के लिए

3 रेलवे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में नई लाइनों के निर्माण दौहरीकरण, रॉलिंग स्टॉक और निवेश के अधिक प्रावधान के लिए

4 तेल विपणन कंपनियों में निवेश के अधिक प्रावधान के लिए

5 सेना, नौसेना के राजस्व व्यय तथा सेना और वायु सेना के पूंजीगत व्यय की अधिक आवश्यकताओं के लिए

6 जल जीवन मिशन/राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल मिशन की अधिक आवश्यकता के लिए

7 सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और पुलिस/केंद्रीय सशस्त्र बलों के पूंजीगत व्यय की अधिक आवश्यकता के लिए

8 पात्र एमएसएमई ऋण धारकों को आपातकालीन ऋण सीमा गारंटी के अधिक आबंटन के लिए

9 मुख्य रूप से राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की स्थापना के लिए

10 एकलव्य मॉडल रेसिडेंशियल स्कूलों के अधिक प्रावधान के लिए

11 केन-बेतवा नदी परियोजना की इंटरलिंकिंग के अधिक प्रावधान के लिए